हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 7 जून 2025

तापमान
अधिकतम 37 .5 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

11 परिवार, समाज व देश के भविष्य को खतरे में डाल रहा नशाः एसपी



12 निर्जला एकादशी पर पूरे दिन चला धर्म-कर्म, जगह-जगह छबील लगाकर मीठा पानी पिलाया



## खबर संक्षेप

### टैंपो पेड़ से टकराने से तीन लोग घायल

**बावल।** नैचाना की ढाणी रोड पर टैंपो पेड़ से टकराने से चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। नैचाना निवासी टैंपो चालक राजू अपने साथ गांव के ही मामन व हरपाल को लेकर कहीं जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों ने कुछ देर पहले शराब का सेवन किया था। ढाणी रोड पर जाते समय टैंपो पेड़ से टकरा गया, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। एक ही हालत गंभीर बताई जा रही थी। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने टैंपो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### कंपनी के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**बावल।** औद्योगिक एरिया में चोर एक कंपनी के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में जलालपुर निवासी देवेंद्र ने बताया कि वह एक कंपनी में नौकरी करता है। बाइक से कंपनी आने के बाद उसने बाइक बाहर खड़ी की थी। ड्यूटी के बाद घर जाने के लिए जब वह बाहर आया, तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। बावल थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक गंभीर

**बावल।** कृषि अनुसंधान केंद्र के पास ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। रेवाड़ी मोड़ पर रहने वाला जयराम बनीपुर चौक के पास चाय की दुकान चलाता है। घर से दुकान पर जाते समय उसने अनुसंधान केंद्र के सर्किल पर बाइक रोकी थी। पीछे से एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई तथा जयराम गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी।

### दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों चालक घायल

**जाटूसाना।** बेरली पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों के चालक घायल हो गए। खड़गवास निवासी अनूप बाइक लेकर अपनी बहन से मिलने के लिए बालधन कलां जा रहा था। बेरली के पास सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसे काफी चोटें आईं। सूचना मिलने के बाद उसके रिश्तेदारों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। दूसरी बाइक के चालक को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने दूसरे बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### चंद मिनटों में चोरी कर ले गए बाइक

**डहीना।** सीहा बस स्टैंड पर खड़ी एक बाइक चंद मिनटों में चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में लुहाना निवासी बिल्लू ने बताया कि वह बाइक लेकर किसी काम से सीहा गया था। बाइक एक बैंड की दुकान के पास खड़ी करने के बाद वह काम से चला गया। चंद मिनट बाद वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी बाइक का कोई पता नहीं चला। थाना खोल पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कोर्ट से घोषित पीओ के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ के खिलाफ केस दर्ज किया है। जेएमआई कोर्ट ने जगराम बनाम कर्णसिंह मामले में अदालत से गैर हाजिर रहने पर बीकानेर गांव निवासी कर्णसिंह को गत 3 जून को पीओ घोषित किया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। बाद में आरोपी को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश कर

### कसोला व बावल पुलिस थानों से पहुंची पुलिस, तड़पती गायों का डॉक्टरों ने शुरू किया इलाज

# कंपनी के जहरीले पानी का गोमाता पर कहर, बीस गायों ने पानी पीकर तड़प-तड़पकर तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/बावल

बणीपुर के पास शुक्रवार सायं कंपनी से छोड़ा गया जहरीला पानी बेजुबान गोमाता पर कहर बनकर टूट पड़ा। पानी पीने के बाद एक के बाद एक लगभग 20 गायों ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। बड़ी संख्या में तड़प रही गायों का इलाज करने के लिए डॉक्टरों की टीम पहुंच गई। कसोला व बावल पुलिस थाने से पुलिस मौके पर पहुंच गई। गोरक्षा दल के सदस्यों ने भी तड़पती गायों का उपचार कराने के लिए डॉक्टरों का सहयोग किया। वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में गायों की मौत की सूचना पर ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

बणीपुर गांव के बाहर जंगलों में नाला बनाकर एक कंपनी का पानी छोड़ा जाता है। यह पानी पेड़ों के बीच गड्ढों में एकत्रित हो रहा है। इसके आसपास हरा-भरा एरिया होने के कारण गाएं चरने के लिए एकत्रित हो जाती हैं। शुक्रवार को दोपहर बाद गायों ने गड्ढे में एकत्रित पानी पीना शुरू कर दिया। पानी पीते ही गायों ने तड़पना शुरू कर दिया। इन गायों में कुछ जंगल में जाकर मौत का शिकार हो गइं। कुछ गाएं सड़क पर दम तोड़ने लगी, तो लोगों ने देख लिया। लोगों की सूचना पर गोरक्षा दल के सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। मरी हुए गाएं दूर-दूर होने के कारण उनकी गिनती करना शुरू कर दिया। दूर-दूर पड़ी मृत गायों की संख्या शाम तक 20 तक पहुंच गई थीं। इसके बाद भी कुछ गाएं तड़प रही थीं। पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। तड़पती हुई गायों का उपचार शुरू किया गया।







रेवाड़ी। बनीपुर के पास गाय का उपचार करते पशु चिकित्सक, कंपनी के पास लोगों के साथ पुलिसकर्मी, जहरीले पानी के पास गायों की तलाश करते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### एक ही पशुपालक की ज्यादा गाएं

ग्रामीणों के अनुसार मारी गई गायों में एक पशुपालक की गायों की संख्या ज्यादा है। इस एरिया में पशुपालक बड़ी संख्या में गाएं रखते हैं। गायों की मौत से पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, वहीं लोगों की धार्मिक भावना पर भी ठेस पहुंची है। समाचार लिखे जाने तक बीमार गायों का उपचार किया जा रहा था। पुलिस भी मौके पर मौजूद थी।



रेवाड़ी। बनीपुर में ग्रामीणों को समझाते हुए पुलिसकर्मी। फोटो:हरिभूमि





### ग्रामीणों में उत्पन्न होने लगा रोष

बड़ी संख्या में गायों की मौत की सूचना के बाद ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन की ओर से जहरीला पानी छोड़ा गया है, जिससे गायों की दर्दनाक मौत हुई है। बावल थाना प्रभारी संजय कुमार ने ग्रामीणों को समझाते हुए बताया कि वह मामले जांच कराएंगे। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## रेवाड़ी से चंडीगढ़ के लिए एसी बस सेवा शुरू

### आज कोसली से होगी रवाना



रेवाड़ी। बस स्टैंड से एसी बस को रवाना करते विधायक। फोटो :हरिभूमि

- विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने एसी बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को रोडवेज डिपों से एसी बस सुविधा शुरू की गई। जिले को पिछले दिनों 10 एसी बसें मिली है। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बस स्टैंड रेवाड़ी से चंडीगढ़ वाया दिल्ली एसी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में चहुंमुखी विकास करा रही है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग ने यात्रियों की सुविधा के लिए प्रदेश में नई एसी बसें चलाकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यात्री अब रेवाड़ी से अलग-अलग रूटों पर एसी बसों से आरामदायक सफर कर सकेंगे।

रोडवेज जीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि जिले को 10 एसी लग्जरी बसें मिली हैं, इनको अलग-अलग रूटों पर चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये बसें सामान्य बसों से अधिक सुविधाजनक हैं। एसी बस का किराया सामान्य बसों से डेढ़ गुना तथा वोल्वो बसों से कम है। इस बस में कोई भी स्टॉफ व पास मान्य नहीं होगा। उन्होंने बताया कि 7 जून को कोसली से चंडीगढ़ के लिए भी एक एसी बस को रवाना किया जाएगा।

## स्मैक बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार

- उसके कब्जे से स्मैक व नकदी भी बरामद की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डहीना

पुलिस ने ब्रह्मगढ़ के पास नशीला पदार्थ स्मैक बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से स्मैक व नकदी भी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ब्रह्मगढ़ के पास एक युवक जूते से स्मैक निकालकर बेच रहा है। उसने जूतों में स्मैक छिपाई हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। बताए गए हुलिया के अनुसार एक युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम मोहल्ला बास सिताबराय निवासी आजाद उर्फ अज्जू बताया। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट को मौके पर बुलाकर उसकी तलाशी ली, तो उसके जूतों से स्मैक के पाउच बरामद हुए। वजन कराने पर स्मैक 2.32 ग्राम निकली। उसकी जेब से स्मैक बेचकर हासिल किए गए 5500 रुपये भी बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही काबू करते हुए उसकी स्कूटी को भी कब्जे में ले लिया। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पूछताछ शुरू कर दी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर। फोटो :हरिभूमि

### ट्रेनों में चोर हो रहे बेलगाम, एक दिन में तीन मामले दर्ज

**रेवाड़ी।** ट्रेनों में चोर लगातार बेलगाम हो रहे हैं। आए दिन यात्रियों के साथ चोरी की घटनाएं हो रही हैं। जीआरपी या आरपीएफ चोरों पर शिकंजा कसने में नाकाम साबित हो रहे हैं। जीआरपी ने ट्रेनों में चोरी के एक ही दिन में तीन केस दर्ज किए हैं। जयपुर के मानसरोवर निवासी मुकेश कुमार ने हिसार जीआरपी को दर्ज शिकायत में बताया कि वह 5 जून को जयपुर से हिसार जाने वाली ट्रेन में अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर रहा था। रेवाड़ी और कोसली के बीच उसका बैग चोरी हो गया। बैग में 7500 रुपये और मोबाइल फोन के साथ-साथ काफी अन्य सामान भी था। हिसार से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर जीआरपी ने केस दर्ज कर लिया। दिल्ली सराय रोहिला जीआरपी से मिली जीरो एफआईआर के मुताबिक राजस्थान के बारमेड गादान निवासी जोधपुर से ट्रेन में दिल्ली के लिए सवार हुआ था। रेवाड़ी स्टेशन पर उसकी जेब से 20 हजार रुपये निकाल लिए गए। जीआरपी ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

**सीआईएसएफ के एसआई को भी नहीं बख्शाः** चोरों के हौसलें इतने बुलंद हैं कि वह सुरक्षा बलों के जवानों तक को नहीं बख्श नहीं रहे। आईजीआई एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर राजस्थान के मांडासी निवासी महेश कुमार महरिया ने सीकर जीआरपी को दर्ज शिकायत में बताया कि वह दिल्ली कैंट से सैनिक एक्सप्रेस में झुनझुनू जा रहा था। रेवाड़ी और लोहारू स्टेशन के बीच उसका पर्स चोरी हो गया।

### मंदिर के दानपात्र तोड़कर नकदी ले गए चोर

**डहीना।** गांव के चिरा माता मंदिर में चोर रात को ताले तोड़कर दो दानपात्रों से हजारों रुपये की चोरी कर ले गए। डहीना पुलिस चौकी ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। मंदिर कमेटी के प्रधान अभयसिंह ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि सुबह के समय पुजारी मंदिर पहुंचा, तो मंदिर के ताले टूटे हुए थे। मंदिर के दानपात्र दूर ले जाकर तोड़े हुए थे। चोर इन दानपात्रों से लगभग 20 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुजारी ने कमेटी के पदाधिकारियों अनिल व अजय को सूचना दी। इसके बाद सभी मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी वहां पहुंच गई। अभयसिंह ने बताया कि पूर्व में चोर मंदिर में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

## ऑनलाइन टास्क के नाम पर 1.30 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक और गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 1.30 लाख रुपपे की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मध्यप्रदेश के जिला दतिया के मोहल्ला दालान का बास निवासी गणेश कुशवाहा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी दीपक जैन ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 17 अप्रैल को उसके पास व्हाट्सएप मैसेज आया था। मैसेज करने वाली ने खुद को एक कंपनी की एचआर स्पेशलिस्ट बताते हुए ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने को कहा था। इसके बाद उसने उसके पास एक लिंक भेजा, जिस पर क्लिक करने के बाद उसने आईडी बना ली। शुरू में उसे टास्क के नाम पर 125 रुपये दिए गए। यह राशि आने के बाद उससे अलग-अलग यूपीआई आईडी पर तीन बार में 1.30 लाख ट्रांसफर करा लिए। जब उसने पैसा वापस पाने का प्रयास किया तो उससे और रुपये जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी राजस्थान के जिला सीकर के गांव रतनपुरा की ढाणी सेरावतो निवासी अजय देगड़ा व मनीष कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मामले में आरोपी मनीष कुमार ने साइबर ठगों को खाता मुहैया कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी, जबकि आरोपी अजय देगड़ा के खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने एक और खाताधारक मध्य प्रदेश के जिला दतिया के मोहल्ला दालान का बास निवासी गणेश कुशवाहा को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गणेश कुशवाहा के खाते में 20 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### नगर परिषद की व्यवस्था सुधारने के लिए ले रहे सख्ती से काम

# गलत कार्य के लिए दबाव नहीं डीएमसी को स्वीकार सीएम से 'निपटवाने' के लिए रणनीति हो रही तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

घोटालों और भ्रष्टाचार के मामले में नियमित अंतराल में चर्चा में आने वाली नगर परिषद के चंद अधिकारियों से लेकर पार्षदों तक को डीएमसी राहुल मोदी की कार्यशैली रास नहीं आ रही है। डीएमसी की सख्ती के चलते हाल ही में नगर परिषद की जमीन पर दुकान बनाकर कब्जा करने की योजना खटाई में पड़ी, तो तोपचीवाड़ा में वर्षों से किए गए दो दुकानों पर कब्जे को कब्जाधारियों ने खुद छोड़ना पड़ा। कब्जा कराने वाले कर्मचारियों पर भी डीएमसी की गाज गिर सकती है। डीएमसी को 'निपटाने' के लिए रणनीतिक योजना ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में देखने को मिल गई थी, जबकि अब सीएम नायब सिंह सैनी के आगमन पर इस योजना को अंजाम देने की तैयारी चल रही है। गत 26 मई को हुई ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में कुछ पार्षदों ने डीएमसी पर शहर के विकास से सबंधित फाइलें अटकाने के आरोप लगाए थे। आरोप लगाने वाले पार्षदों को उम्मीद थी कि शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल उनकी बात पर आंखें बंद करके विश्वास करते हुए बड़ा एक्शन लेंगे, परंतु मंत्री ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने मुख्यालय से टीम भेजकर पेंडिंग फाइलों की जांच कराने का आश्वासन दिया था। डीएमसी का तर्क था कि उनके पास शहर के विकास से जुड़ी कोई फाइल पेंडिंग नहीं हैं। जिन फाइलों में नॉर्म्स पूरे नहीं किए गए हैं, उन्हें पास नहीं किया जा सकता। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार डीएमसी कई मामलों को लेकर सख्ती बरत रहे हैं, ताकि शहर में पारदर्शी तरीके से विकासकार्य हो सकें। साथ ही नगर परिषद के भ्रष्टाचार को लेकर भी वह सख्ती से पेश आ रहे हैं। हाल ही में सिटी थाने के सामने नगर परिषद की जमीन पर दो दिन में दुकान खड़ी कर दी गई। नगर परिषद के अधिकारियों को दुकान तैयार होने तक भनक नहीं लगी। डीएमसी के नोटिस में मामला आते ही उन्होंने दुकान तोड़ने के आदेश दिए। इसके बाद ही नप अधिकारियों ने दुकान को ध्वस्त किया। तोपचीवाड़ा मोहल्ले में चार साल से बिना किराया दिए चल रही दो दुकानों को भी डीएमसी के दबाव में खाली करना पड़ा।




रेवाड़ी। गढ़ी बोलनी रोड स्थित डीएमसी ऑफिस। फोटो :हरिभूमि

### सीएम के आगमन पर दुखड़ा रोने की तैयारी

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सत्ता पक्ष के ही एक नेता के इशारे पर डीएमसी को यहां से चलता कराने की योजना पर कार्य चल रहा है। इसके लिए मंत्री के समक्ष किया गया पहला प्रयास फेल हो चुका है। अब सीएम के आगमन पर 15 जून को कुछ पार्षद अपनी टीम के साथ डीएमसी के खिलाफ आवाज बुलंद कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि इसके लिए 8 जून को सत्तापक्ष के नेता के साथ समर्थक पार्षदों की एक बैठक हो सकती है, जिसमें डीएमसी को चलता कराने की रणनीति तैयार की जाएगी। इसके बाद सीएम के आगमन पर उसे सिरे चढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। सीएम के आगमन पर दुखड़ा रोने की तैयारी है।

### भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसते ही गए गोगिया

पूर्व में यहां डीएमसी रहे बीबी गोगिया ने पदभार संभालने के बाद ही नगर परिषद के भ्रष्टाचार की फाइलों को खोलना शुरू कर दिया था। उन्होंने कुत्तों की नशबंदी की फाइलें खोलकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा, तो अधिकारियों में खलबली मच गई। कुत्तों की नशबंदी के नाम लाखों रुपये का गोलमाल हुआ था। गोगिया के ट्रांसफर के साथ ही उन फाइलों पर धूल जम गई, लेकिन जांच के नाम पर कुछ नहीं हुआ। कुछ और मामलों से भी गोगिया पर्दा उठाना चाहते थे, परंतु गोलमाल में शामिल लोगों ने तीन दिन में उनका तबादला करा दिया था।

### जिलास्तरीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से 8 जून को जिला स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग क्लॉसिक चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन जलियावास स्थित हार्ड रॉक फिटनेस क्लब में किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष किरणदीप सिंह व महासचिव आशा यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में सब जूनियर में 12 से 18 आयुवर्ग, जूनियर में 19 से 23 आयु वर्ग व सीनियर वर्ग में 23 वर्ष व इससे अधिक आयु वर्ग के महिला व पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकते है। 8 जून को सुबह 7 से 10 बजे तक खिलाड़ियों का वेट किया जाएगा तथा 10:30 बजे प्रतियोगिता शुरू की जाएगी।

प्रतियोगिता के आयोजन में एसोसिएशन के वाइस प्रेजिडेंट संजय पहलवान, जनरल सेक्रेटरी यशपाल सिंह, ट्रेजरार विनोद कुमार तथा मेंबर रश्मि, निकेश सत्यराज, हिमांशु यादव व डा. ललित रावत सहयोग करेंगे।



कुत्तों की दृष्टि इंसानों से ज्यादा साफ होती है। लेकिन रंगों में भेद करना उनके लिए कठिनाई का सबब है।



चूहों के गुणा होने की गति इतनी तीव्र है कि वे महज 18 महीनों में 2 लाख से ज्यादा वंशज पैदा कर सकते हैं।

# इन क्षेत्रों में भविष्य में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

पूरी दुनिया में हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है। सभी देश आए दिन नई-नई तकनीकी आविष्कार कर रहे हैं। धीरे-धीरे जमाना बदल रहा है। विज्ञान के बल पर हर दिन नए-नए आविष्कार हो रहे हैं। आज का दौर डिजिटाइजेशन का दौर है। हर कोई इंटरनेट से कनेक्ट है। ऐसे में लोग अपने लिए नौकरी भी इसी फील्ड में ढूंढ रहे हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि सबसे ज्यादा ग्रोथ इसी क्षेत्र में है. क्लाउड कंप्यूटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन जैसी नौकरी आज से 5 साल पहले नहीं थी पर वर्तमान में सबसे ज्यादा मांग इन्हीं नौकरियों की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद काम और भी आसान हो गया है।

## चाहिए प्रतिभा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस धीरे-धीरे सभी वर्तमान की जॉब्स को खत्म कर देगा। हम लोगों को भी समय के साथ चलना होगा और आने वाले समय में जिसकी डिमांड होगी उसी क्षेत्र में हमें जाना होगा। आने वाले 5 सालों में क्या-क्या बदलने जा रहा है। किन-किन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जॉब के स्कोप होंगे । अब हम देख पा रहे है इस प्रकार की नौकरी सामने आ रही है जिसमें कोई स्पेशल डिग्री नहीं चाहिए होती। बस आपके अंदर प्रतिभा होनी चाहिए। अगर आप अपनी प्रतिभा का पूर्णता उपयोग करेंगे तो आप खूब पैसा कमा सकते हैं। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में आपकी डिग्री को नहीं बल्कि आपकी स्किल को महत्व दिया जाएगा। यह देखा जाएगा कि आप किसी काम को करने में कितने सक्षम है और उसे कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं।



## डेटा साइंटिस्ट

जमाना काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजनेस करने के मानक भी बदल रहे हैं। किसी भी बिजनेस की ग्रोथ के लिए उसे बिजनेस के बारे में ग्राहक को पूरी जानकारी होना अनिवार्य है। जब तक कस्टमर को ही बिज़नेस के बारे में नहीं पता होगा वह किस प्रकार आपका बिजनेस को समझ पाएगा। ऐसे में सबसे पहले आपको ऐसा तरीका अपनाना होगा जिसके जरिए आप अपने ग्राहकों तक अपने व्यापार के बारे में पूरी जानकारी आसानी से पहुंचा पाए। यानी कि आपका ग्राहकों को आपके व्यापार के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। हम जितना ज्यादा इंटरनेट चला रहे हैं उतनी ज्यादा जानकारी हम बड़ी से बड़ी कंपनियों को दे रहे है। इस कारण डाटा साइंटिस्ट और एनालिस्ट की डिमांड तेजी से बढ़ रही है. जो ग्राहक की जानकारी को समझ कर सही तरीके से प्रोडक्ट उसको प्रदर्शित कर पाये। किसी भी कंपनी को अगर आज के समय में टॉप पर आना है तो उसके लिए ग्राहक की जानकारी और उसे डाटा को सही तरीके से एनालाइज करना बहुत जरूरी है।

## इन क्षेत्रों में भी भारी डिमांड

### हेल्थकेयर

हम जितनी गति से आगे बढ़ रहे हैं उतनी ही तेजी से अपने शरीर को खराब कर रहे हैं। आज के समय में हर किसी को कोई ना कोई बीमारी है। कोई भी पूर्ण तरह स्वस्थ नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में छोटी से छोटी बीमारी बहुत बड़ी बन जाती है। ऐसे में हेल्थ केयर फील्ड में अलग-अलग प्रकार की नौकरी की डिमांड आ रही है। बीमारिया ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना रही है और उसकी अपेक्षा डॉक्टरी सुविधाएं कम है। इसके साथ ही हर आने वाले दिन नए-नए दवाई और नई-नई बीमारी की खोज हो रही है. आने वाले 5 साल में डॉक्टर की डिमांड बहुत तेजी से बढ़ाने वाली है और यह डिमांड हमेशा रहने वाली है क्योंकि इंसान जितनी तेजी से तरक्की करेगा वह उतनी ही ज्यादा बीमारियों से घिरेगा। ऐसे में इस फील्ड में भी जॉब का काफ़ी स्कोप है।

### फाइनेंस एडवाइजर

जैसे-जैसे इंसान तरक्की कर रहा है उसके पास पैसा भी उपलब्ध हो रहा है। अगर आपके पास पैसा है तो आपकी खरीदने की क्षमता भी बढ़ रही है। आजकल लोग पहले के मुकाबले काफी खरीदारी कर रहे हैं। हर बाजार में प्रोडक्ट की खपत काफी तेजी से हो रही है। इस कारण से लोगों को अपना पैसा कैसे खर्च करना चाहिए कैसे बचना चाहिए इसकी समझ होना बहुत अनिवार्य है। वर्तमान समय में फाइनेंस एडवाइजर के तौर पर काम करके आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। इस क्षेत्र में आप लोगों को कंसल्टेंसी दे सकते हैं कि उन्हें अपना पैसा कहां जमा करना चाहिए और किस तरह से खर्च करना चाहिए। इस बढ़ते महंगाई के दौर में हम अपना पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट में रखकर नहीं बढ़ा सकते। ऐसे में आपको शेयर बाजार म्युचुअल फंड और अलग-अलग क्षेत्र के बारे में लोगों को बताना चाहिए। काफी लोग इस क्षेत्र में भी तरक्की कर रहे हैं क्योंकि उन्हें दिख रहा है कि इस फील्ड में जॉब का अच्छा स्कोप है।

### साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

आजकल ऑनलाइन फ्रॉड के मामले काफी बढ़ गए हैं। साइबर क्राइम की वजह से लोगों को काफी लूटा जा रहा है। अगर आप साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट बन जाते हैं तो आपकी डिमांड हर कंपनी और हर तरह के क्षेत्र में होगी। साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट होने के बाद आप हैकिंग को रोक सकते हैं और अलग-अलग कंपनी में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट के रूप में काम करके मोटा पैसा कमा सकते हैं।

## कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाली कोई भी इनफार्मेशन कहलाती है डाटा

# डाटा साइंस नये जमाने का सबसे ज्यादा चमकता करियर, आने वाला भविष्य इसी का

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

दुनिया में बढ़ती सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी के कारण आज के समय में छात्रों के लिए डाटा साइटिंस्ट बनना बेस्ट करियर ऑप्शन हो सकता है। आज के समय में यह क्षेत्र जॉब और सैलरी के मामले में टॉप 5 में गिना जाता है, वहीं आने वाला भविष्य भी इसी का होगा। अगर आप डाटा साइटिंस्ट बनना चाहते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आज हम आपको देंगे ऐसे टिप्स, जिससे आप इस क्षेत्र में बेहतर करियर बना सके।

### क्या है डाटा

कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाले किसी भी तरह की इनफार्मेशन को हम डाटा कह सकते हैं। डाटा की अलग-अलग डेफिनेशन हो सकती है, लेकिन मतलब एक ही होता है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मेमोरी में डाटा फोटो, वीडियो, सॉफ्टवेयर, गेम्स आदि हो सकते हैं या डाटा ऐसे तथ्य हो सकते हैं जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क के

### डाटा साइंस

डाटा साइंस हम उसे कह सकते हैं जिसके तहत किसी भी डाटा का विश्लेषण कर उसकी जानकारी निकाल सकें। आज के समय में कंप्यूटर विज्ञान का एक हिस्सा है, डाटा साइंस सांख्यिकी गणित, सांख्यिकी, सूचना सिद्धांत, सूचना प्रौद्योगिकी आदि जैसे कई क्षेत्रों में सिद्धांतों और तकनीकों का उपयोग करता है।

### डाटा साइटिंस्ट के स्किल

डाटा साइटिंस्ट बनने के लिए आपके पास कई स्किल का होना जरूरी है, जिसमें से मुख्य रूप से मैथ, कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, अपीयर मैथ से डिग्री व डिप्लोमा जरूरी है। साथ ही आपको सांख्यिकीय मॉडलिंग और व्यवहार्यता की भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा आपको पाइथन, जावॉ, रा, सास, जैसी प्रोगामिंग लैंग्वेज की भी जानकारी होनी चाहिए।

### सीखना जारी रखें

एक डाटा साइटिंस्ट वह है जो कच्चे डाटा से जानकारी निकालना जानता है, और उस जानकारी को व्यवसाय में उपयोग करने योग्य बनाता है। अधिकांश डाटा साइटिंस्ट डाटा इकट्ठा करने और सफाई करने में बहुत समय बिताते हैं, क्योंकि डाटा कभी भी साफ नहीं होता है। अगर आपको भी एक अच्छा डाटा साइटिंस्ट बनना है तो अपने डिग्री प्रोग्राम के दौरान आपने जो स्किल सीखा है, उसका प्रैक्टिस करते रहें।

### जॉब के ऑप्शन

इसका कोर्स करने के बाद आपके लिए कई जॉब ऑप्शन मौजूद हैं। जहां आप इंफॉर्मेशन ऑफिसर, डाटा एनालिस्ट, सॉफ्टवेयर टेस्टर, डाटा साइंटिस्ट, सीनियर इंफॉर्मेशन एनालिस्ट, सीनियर डाटा ऑफिसर, बिजनेस एनालिस्ट और सहायक एनालिस्ट के पद पर काम करके करियर बना सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के बहुत चांस हैं। यहां आप बैंक, बीमा कंपनी, ई-कॉमर्स, टेलीकॉम, फाइनेंस, यूटिलिटी, हॉस्पिटल, कंस्ट्रक्शन प्लान, ऑयल या गैस कंपनी, मैन्युफेक्चरिंग कंपनी, ट्रांसपोर्टेशन जैसी बहुत सी जगहों पर रोजगार मिलने की संभावनाएं हैं।

## इस कोर्स में मिलते कई जॉब ऑप्शन



### नौकरी ढूंढते समय रखें ध्यान

आज के समय में हर बड़ी कंपनी को डाटा साइटिंस्ट की जरूरत पड़ती है। पढ़ाई पूरी होने के बाद जब आप नौकरी ढूंढने जाएं तो इस बात का ध्यान रखें कि उसी कंपनी में जॉब करें, जिसका मार्केट में नाम हो, इससे जहां आपको अच्छी सैलरी मिलेगी, वहीं कई चीजें सीखने को भी मिलेंगी, यहां से दूसरी कंपनी में जाने पर भी इस कंपनी का नाम आपके काम आएगा।

### बेसिक से शुरूआत करें

यदि आप इस क्षेत्र में अच्छा ज्ञान या अनुभव प्राप्त करने के साथ करियर बनाना चाहते हैं, तो बेसिक से शुरुआत करें, क्योंकि बेसिक से ही आप इस क्षेत्र को अच्छी तरह समझ सकते हैं, यदि आप सीधे एडवांस स्तर को समझना चाहते हैं, तो यह संभव नहीं है। यह आपको आगे चलकर नुकसान ही देगा।


### डिग्री का स्तर बढ़ाएं

डाटा साइटिंस्ट का जॉब जितना अच्छा है, उतना टफ भी। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले करीब 88 फीसदी डाटा साइटिंस्ट के पास कम से कम मास्टर डिग्री है, वहीं 46 फीसदी के पास पीएचडी है। डाटा साइटिंस्ट बनने के लिए बहुत मजबूत शैक्षिक पृष्ठभूमि की आवश्यकता होती है।

### इन क्षेत्र में लें डिग्री

डाटा साइंटिस्ट बनने के लिए आप कंप्यूटर साइंस, सोशल साइंस, फिजिकल साइंस और स्टैटिस्टिक्स में बैचलर डिग्री हासिल कर सकते हैं। इससे आपको अच्छी जॉब के चांस ज्यादा मिलेंगे। अध्ययन के सबसे आम क्षेत्र में गणित और सांख्यिकी 32 फीसदी, है, वहीं कंप्यूटर विज्ञान में 19 और इंजीनियरिंग में 16 फीसदी है। इनमें से किसी भी पाठ्यक्रम में डिग्री आपको बड़े डाटा को संशोधित करने और विश्लेषण करने के लिए आवश्यक स्किल देगी।

## इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन कॅरियर को दें नई दिशा



आज के समय में इंटरनेट का इस्तेमाल तो सभी लोग करते हैं, लेकिन अगर सोच-समझकर इंटरनेट का इस्तेमाल किया जाए। तो यह कमाई का एक बेहतरीन जरिया बन सकता है। हांलाकि आपने भी देखा होगा कि आज के समय में बहुत से लोग सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर खूब शोहरत हासिल कर रहे हैं। वहीं इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन लोग लाखों कमा रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इसमें अपना कॅरियर बना शानदार कमाई कर सकते हैं। वर्तमान समय में अपनी नौकरी के साथ लोग सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी काफी अच्छे से हैंडल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अच्छी रीच और ज्यादा एक्टिव रहने वाले अकाउंट्स को ब्रांड प्रमोशन आदि को अच्छा खासा-पैसा मिलता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर आप अपने कॅरियर की शुरूआत कैसे करें।

### टाइम मैनेजमेंट है जरूरी

जब भी आप नौकरी करते हैं, तो इसमें आपके काम करने का रूटीन फिक्स होता है। लेकिन जब बात सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की होती है, तो इसमें आपको अपने काम की सीमा खुद तय करनी होती है। फोन व लैपटॉप के जरिए आपको अपना काम करना होता है। ऐसे में आपको भी अपने काम की सीमा खुद तय करनी होगी। जिससे कि आप सोशल मीडिया के अलावा अन्य कामों को भी पर्याप्त समय दे सकें।

### फिक्स्ड इनकम

जब आप कोई नौकरी करते हैं, तो हर महीने के आखिरी में आपके बैंक अकाउंट में एक फिक्स्ड इनकम आ जाती है। लेकिन बतौर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आपको कोई फिक्स्ड सैलरी नहीं मिलती है। आपकी इनकम ब्रांड प्रमोशन आदि पर निर्भर करती है। इसलिए शुरूआत में आपको नौकरी के साथ इस काम को करना चाहिए। ताकि आपका खर्चा आसानी से चलता रहे। वहीं सोशल मीडिया पर हर इंफ्लुएंसर का एक-दूसरे से अलग होना जरूरी है। इसलिए आपको ओरिजिनल आइडिया पर काम करने के साथ एडिटिंग आदि भी सीखनी चाहिए।

### बेस्ट एडिटिंग एप्प

इस फील्ड के लिए कई एडिटिंग एप्प मौजूद हैं। इन में मुख्य रूप से इनशॉट एप, कैनवा, काइन मास्टर, फिल्मोरा आदि हैं। इनको सीखकर हम अपने लिए इस क्षेत्र में काम शुरू कर सकते हैं और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

# आसान करियर सही करियर नहीं, मेहनत रंग लाती है और बेहतर इंसान बनाती है



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया और रील्स ने हमारी जिंदगी को बहुत हद तक प्रभावित किया है। हर दिन हम इंस्टाग्राम, यूट्यूब या टिकटॉक पर रील्स देखते हैं, जहां लोग रातों-रात स्टार बनते दिखते हैं, लग्जरी लाइफ जीते नजर आते हैं, और आसानी से पैसा कमाते दिखते हैं। लेकिन यह चमक-दमक और तथाकथित ₹आसान पैसा₹ अक्सर एक भ्रामक तस्वीर पेश करता है। सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली चमकदार जिंदगी और आसान पैसा अक्सर भ्रामक होता है, और यह आपको गलत रास्ते पर ले जा सकता है। आज के समय में, सोशल मीडिया पर रील्स बनाना और तुरंत मशहूर होने का सपना बहुत आम हो गया है। आप देखते हैं कि लोग कुछ सेकंड की वीडियो बनाकर लाखों फॉलोअर्स और ढेर सारा पैसा कमा रहे हैं।

## कड़ी मेहनत और लगातार काम करने की जरूरत

सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर सफलता पाने के लिए भी कड़ी मेहनत, रचनात्मकता, और लंबे समय तक लगातार काम करने की जरूरत होती है। जो लोग रील्स बनाकर सफल दिखते हैं, उन्होंने इसके पीछे घंटों मेहनत, प्लानिंग, और असफल प्रयास किए होते हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर सिर्फ उनकी चमकती हुई जिंदगी दिखाई जाती है, न कि उनके संघर्ष। यह भ्रामक तस्वीर आपको यह सोचने पर मजबूर करती है कि मेहनत के बिना ही सब कुछ हासिल हो सकता है।

**पैसे का भ्रामक लालच** : सोशल मीडिया पर दिखाया जाने वाला पैसा और लग्जरी लाइफ अक्सर एक जाल होता है। बहुत से लोग यह दिखाते हैं कि उन्होंने रील्स बनाकर आसानी से लाखों कमा लिए, लेकिन वे यह नहीं बताते कि

- सोशल मीडिया पर स्थिर आय के लिए सालों की मेहनत लगती है। फॉलोअर्स बढ़ाना, कंटेंट बनाना, और दर्शकों का भरोसा जीतना एक लंबी प्रक्रिया है।
- सभी को सफलता नहीं मिलती। लाखों लोग रील्स बनाते हैं, लेकिन केवल कुछ ही सफल हो पाते हैं। यह एक जोखिम भरा रास्ता है।
- पैसे की चमक अस्थायी हो सकती है। सोशल मीडिया पर ट्रेंड्स बदलते रहते हैं, और आज जो लोकप्रिय है, वह कल पुराना हो सकता है। इसके अलावा, कई बार लोग सोशल मीडिया पर अपनी जिंदगी को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। वे किराए की कारों, उधार के कपड़ों, या फर्जी लाइफस्टाइल के जरिए यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि वे बहुत अमीर हैं। यह भ्रामक तस्वीर युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाती है, जहाँ वे मेहनत और शिक्षा को छोड़कर तुरंत पैसे कमाने के चक्कर में पड़ जाते हैं।

**मेहनत ही असली रास्ता है** : सोशल मीडिया पर दिखने वाली आसान सफलता आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकती है कि मेहनत की जरूरत नहीं है। लेकिन सच यह है कि मेहनत ही वह नींव है, जो आपको लंबे समय तक टिकने वाली सफलता देती है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या यहाँ तक कि एक सफल कंटेंट क्रिएटर बनना चाहते हों, मेहनत के बिना कुछ भी हासिल नहीं होता। उदाहरण के लिए, कई बड़े यूट्यूबर्स या इंफ्लुएंसर्स, जैसे कि भुवन बाम या कैरी मिनाटी, आज भले ही लाखों कमाते हों, लेकिन उनकी सफलता के पीछे सालों की मेहनत, लगातार कंटेंट बनाना, और असफलताओं से सीखना शामिल है। उन्होंने आसान रास्ता नहीं चुना उन्होंने मेहनत की और अपने कौशल को निखारा।

## रील्स अपने आप में गलत नहीं

**सोशल मीडिया को प्रेरणा के लिए इस्तेमाल करें**: उन लोगों की कहानियाँ देखें, जिन्होंने मेहनत से अपने सपनों को हासिल किया। उनके संघर्ष से प्रेरणा लें।

**रील्स को करियर का आधार न बनाएं** : रील्स बनाना एक शौक या अतिरिक्त आय का साधन हो सकता है, लेकिन इसे अपनी पूरी जिंदगी का आधार न बनाएँ। एक ठोस करियर के लिए शिक्षा और कौशल जरूरी हैं।

**भ्रामक चमक से बचें**: हर चमकती चीज सोना नहीं होती। सोशल मीडिया पर दिखने वाली लग्जरी लाइफ को सच न मानें।

**समय का सही उपयोग करें**: रील्स देखने में घंटों बर्बाद करने के बजाय, अपने लक्ष्य के लिए पढ़ाई और मेहनत पर ध्यान दें।

**अपने कौशल को निखारें**: अगर आप सोशल मीडिया पर कंटेंट बनाना चाहते हैं, तो रचनात्मकता, वीडियो एडिटिंग, और कम्युनिकेशन स्किल्स जैसी चीजें सीखें। यह भी मेहनत माँगता है। मेहनत आपको बेहतर इंसान बनाती है। जब आप मेहनत करते हैं, तो आप न केवल अपने करियर में सफल होते हैं, बल्कि एक बेहतर इंसान भी बनते हैं। मेहनत आपको धैर्य, अनुशासन, और आत्मविश्वास सिखाती है। सोशल मीडिया पर दिखने वाली तुरंत सफलता आपको ये गुण नहीं दे सकती।

## सामान्य ज्ञान

**1.** पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है -
(ए) डिमोस
(बी) चन्द्रमा
(सी) टाइटन
(डी) लापेट्स

**2.** शांत समुद्र व तूफानों का महासागर कहाँ स्थित है ?
(ए) चंद्रमा
(बी) वरुण
(सी) बृहस्पति
(डी) शनि

**3.** सी ऑफ़ ट्रंक्विलिटी' कहाँ पर है?
(ए) पृथ्वी
(बी) सूर्य
(सी) जूपिटर
(डी) चन्द्रमा

**4.** चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर कितने दिनों में लगाता है ?
(ए) लगभग 28.1 दिन
(बी) लगभग 30.2 दिन
(सी) लगभग 27.3 दिन
(डी) लगभग 28.3 दिन

**5.** चन्द्रमा से पृथ्वी तक प्रकाश के पहुंचने में लगने वाला समय है -
(ए) एक सेकंड
(बी) एक सेकंड से कम
(सी) दो सेकंड से अधिक
(डी) दो सेकंड से कम

**6.** निम्नलिखित में से किस आकाशीय पिंड को 'पृथ्वी पुत्र' कहा जाता है ?
(ए) बुध
(बी) शुक्र
(सी) चन्द्रमा
(डी) मंगल

**7.** बृहस्पति का द्रव्यमान है, लगभग -
(ए) सूर्य के द्रव्यमान का 10वां भाग
(बी) सूर्य के द्रव्यमान का 1000वां भाग
(सी) सूर्य के द्रव्यमान का 100वां भाग
(डी) सूर्य के द्रव्यमान का आधा

**8.** आकाश का सबसे चमकदार तारा है -
(ए) प्रोक्सिमा सेंचुरी
(बी) बर्नार्ड
(सी)नेबुला
(डी)सिरियस

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(डी)

## पुलिस व एनसीबी टीम ने लोगों से नशा न करने की दिलाई शपथ

# परिवार, समाज व देश के भविष्य को खतरे में डाल रहा नशाः एसपी

नशा समाज को एक दीमक की तरह खाली कर रहा है। हमारी युवा पीढ़ी नशे से ग्रस्त हो चुकी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। बनीपुर चौक पर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करती टीम।

एनसीबी जिला यूनिट इंचार्ज निरीक्षक नीरज कुमार ने कहा कि नशा समाज को एक दीमक की तरह खाली कर रहा है। हमारी युवा पीढ़ी नशे से ग्रस्त हो चुकी है। आज नशा गांवों, गलियों और घरों तक पहुंच चुका है। नशा एक सामाजिक कुरीति है, जिसे सभी को मिलकर खत्म करना है। राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार व नारकोटिक्स विभाग दृढ़ संकल्पित और निरंतर प्रयासरत है। शुक्रवार को एनसीबी जिला यूनिट की ओर से बनीपुर चौक पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक नीरज कुमार ने बुजुर्गों, युवाओं, मजदूरों व अन्य व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा की समाज से नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षा संस्थाएं और आम नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एनसीबीमानस.जीओवी.इन और हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री नंबर 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

### नशामुक्त अभियान

जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस की ओर से अभियान तहत आमजन को नशा न करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। अभियान में पुलिस युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों से नाता जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा, जो देश का भविष्य है। नशा परिवार, समाज सहित देश के भविष्य को खतरे में डालता है। जिला पुलिस से निरीक्षक रामपाल एएसआई जितेन्द्र कुमार, एचसी कृष्ण कुमार, एसपीओ अमित कुमार व एसपीओ जितेन्द्र कुमार की टीम शुक्रवार को गांव ढाकिया, खटावली व राजपुरा में युवाओं को जागरूक किया गया।


रेवाड़ी। समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान करें अधिकारीः डीसी

**रेवाड़ी** डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में आई शिकायतों व निवारण की समीक्षा बैठक ली। इससे पहले डीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अग्निशमन सेवा के महानिदेशक शेखर विद्यार्थी को दमकल सेवाओं के प्रबंधन के बारे में अवगत कराया। डीसी मीणा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाले जन शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए सभी विभागों को गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने जिन विभागों की शिकायतें लंबित हैं, उनको आगामी शिविर से पहले शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे है। बैठक में एडीसी अनुपमा अंजलि, सीटीएम प्रीति रावत, डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान व डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## भारत कृषि प्रधान देश और देश की आत्मा किसानः भागीरथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, कृषि वैज्ञानिक व किसान।

चौधरी चरणसिंह कृषि विश्विद्यालय बावल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी थे। इस मौके पर मुख्यातिथि ने बताया कि सरकार की ओर से देशभर के किसानों के लिए 15 दिवसीय कार्यक्रम चलाया गया है जिसमे 2000 से अधिक कृषि वैज्ञानिक किसानों से सीधा संवाद कर रहे है और किसानों की कम लागत से अधिक पैदावार बढ़ाने और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की जानकारी दी जा रही है। राज्यमंत्री ने छात्रों की ओर से बनाए गए व्यजनों का अवलोकन भी किया। भारत कृषि प्रधान देश है और देश की आत्मा किसान है। किसान खुशहाल होगा तभी देश विकसित और स्मृद्ध होगा। सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर दे रही है। मांगेलाल जाट ने कहा कि आज युवाओं को नई-नई तकनीक सीखने की जरूरत है। वैज्ञानिक तकनीक से खेती बेहद सरल और उत्पादक बन रही है। किसानों को कृषि वैज्ञानिकों से समन्वय करके खेती करने की जरूरत है। हिसार यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डा. बीआर कांबोज, बावल से निर्देशक डा. धर्मबीर सिंह यादव, कॉलेज प्राचार्य नरेश कौशिक, केवीके इंचार्ज डा. बलबीर सिंह, सुरेंद्र पाहुजा, रमेश झाबुआ आदि मौजूद रहे।

## आईजीयू में साहित्य समीक्षा उभरते प्रतिमान तथा महत्व पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरापुर में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से साहित्य समीक्षा उभरते प्रतिमान तथा उनका महत्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय के सेवानिवृत्त डीन और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर प्रह्लाद कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. विकास बत्रा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में विभाग की ओर से डॉ. देवेंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मुख्य वक्ता ने बताया कि शोध कार्य के लिए समीक्षा करते समय पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि साहित्य समीक्षा केवल पूर्ववर्ती शोध का सारांश नहीं, बल्कि एक ऐसा विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण है, जिससे शोधार्थी यह निर्धारित कर सकते हैं कि उनके कार्य में क्या नवीनता है। साथ ही, उन्होंने शोध विषय के चयन, व्यापक क्षेत्र को संकीर्ण शोध प्रश्न में बदलने की प्रक्रिया तथा समीक्षा से प्राप्त निष्कर्षों की भूमिका को समझाया। प्रो. कुमार ने शोध विषयों की संभावित समस्याओं, कमजोरियों और ताकतों पर भी चर्चा की।

## अधिवक्ताओं व दुकानदारों ने निर्जला एकादशी पर लगाई छबील

**कोसली** निर्जला एकादशी के अवसर पर कोसली सचिवालय के सामने अधिवक्ताओं, दुकानदारों व आमजन के सहयोग से मीठे पानी की छबील लगाकर आने जाने वाले राहगीरों को मीठा जल पिलाया गया। इस अवसर पर शिव मंदिर के महंत बाबा रविंद्र दास ने कहा कि निर्जला एकादशी पर निर्जल रहकर भगवान विष्णु की अराधना की जाती है। इसीलिए इसे पावन पर्व कहा गया है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन दान करना व किसी प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है। इसकी अपनी एक सामाजिक उपयोगिता है। ये पर्व हमें न केवल सामाजिक सद्भाव के रास्ते पर चलने की सीख देता है, बल्कि यह हमें निर्धन गरीब और असहाय की सेवा करना चाहिए।

# सीएम आगमन को लेकर नप फिर से सड़कों पर, लेकिन गोवंश पकड़ने में छूट रहे पसीने


रेवाड़ी। शहर से गोवंश पकड़ते हुए एजेंसी कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शहर में सड़कों पर विचरण करने वाले गोवंश की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नगर परिषद की ओर से गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में भेजने का ठेका दिया हुआ है। शहर में 15 जून को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पिछले दिनों से सुस्त पड़ी एजेंसी ने एक बार फिर से गोवंश को पकड़ना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को शहर से करीब दो दर्जन गोवंश को पकड़कर गोशाला भेजा गया। एजेंसी कर्मचारियों के साथ गोंवश को पकड़ने में नप अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के भी पसीने छूट रहे है। गोवंश को पकड़ने में टीम का कई जगह विरोध भी हो रहा है। शहर की सड़कों पर घूमती ज्यादातार गाय गो-पालकों की है, जिन्हें दूध निकालने के बाद सड़कों पर पेट भरने के लिए छोड़ दिया जाता है।

### स्ट्रे कैटल फ्री के दावे फेल

नगर परिषद की ओर से शहर को स्ट्रे कैटल फ्री बनाने के दावे लंबे समय से किए जा रहे हैं। समस्या स्ट्रे कैटल से ज्यादा पालतू पशुओं की बनी हुई है। एक विशेष वर्ग के लोगों ने दूध बेचने के लिए बड़ी संख्या में गाएं रखी हुई हैं। यह गाएं सुबह-शाम दूध दुहने के समय मालिक के घर पहुंच जाती हैं। दूध निकालने के बाद इन्हें पेट भरने के लिए वापस सड़कों की ओर धकेल दिया जाता है। शहर के प्रमुख सरकुलर रोड से लेकर गली-मोहल्लों व कॉलोनियों तक गोवंश विचरण करते रहते है। नाईवाली चौक, महाराणा प्रताप चौक, ब्रास मार्केट व सब्जी मंडी पर गायों का सर्वाधिक जमावड़ा रहता है, जिससे दिन भर सड़क पर जाम जैसे हालात बने रहते हैं।

**ग्राम पंचायत गुरावड़ा**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुरावड़ा में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण व निपटान करवाया जाना है। उक्त कार्य करने की फर्म अपनी कार्य कुटेशन सरपंच के पास दिनांक 16.06.2025 तक जमा करवा सकते हैं, बाद में कोई कुटेशन स्वीकार नहीं की जाएगी।

हस्ता/- सरपंच, ग्राम पंचायत गुरावड़ा
खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी),
मो. 9050489050

**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

**बम्पर इनामी योजना-2025**

नाम.................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.................................
पता.................................तहसील ....................पिन....................
जिला ........................ फोन नं. ........................ एजेंट का नाम ........................

सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन

**नियम व शर्तें** **हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 -** 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ⏭ **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ⏭ योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ⏭ **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ⏭ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होंगे। ⏭ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ⏭ हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। ⏭ यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ⏭ वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ⏭ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ⏭किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ⏭ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ⏭ हरिभूमि की पहले से चल रही किसी भी स्कीम का पाठक **बम्पर इनामी योजना-2025** में शामिल नहीं किया जाएगा। ⏭ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ⏭ प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ⏭ पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ⏭ किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ⏭ अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ⏭ ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ⏭ विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ⏭ प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ⏭ सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

रेवाड़ी :- हरिभूमि कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी, सम्पर्क करें : 8053076211, 8295738500, 9253681005

## खबर संक्षेप



### कन्या जन्म पर कुआं पूजन कर खुशियां मनाई

**रेवाड़ी।** राजकीय कर्मचारी कॉलोनी में कन्या जन्म पर कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रमेशचंद नूनीवाल व मिथलेश देवी के पोत्री के जन्मोत्वस पर कुआं पूजन में महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इस मौके पर कन्या के पिता प्रवीण नूनीवाल व माता पायल कहा कि आज के समय में समाज को बेटा-बेटी में फर्क नहीं करना चाहिए।

### बुआ के घर आया हुआ युवक हुआ लापता

**रेवाड़ी।** आदर्श नगर में अपनी बुआ के घर आया हुआ एक 23 साल का युवक लापता हो गया। थाना रामपुरा पुलिस को दर्ज शिकायत में कृष्ण कुमार ने बताया कि उसके मामा का लड़का पलवल के खेड़ला फरीजनपुर निवासी अजीत उनके घर आया हुआ था।

### गोसेवक सोनू की स्मृति में कार्यक्रम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 8 जून को पंजाबी धर्मशाला में गोसेवक सोनू सरपंच की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि नई दिशा युवा मंच के जिला प्रधान एडवोकेट निशांत यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व पूर्व सरपंच शीशराम यादव विशिष्टातिथि रहेंगे।

### यादव सभा को फ्री स्वास्थ्य जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 8 जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एच आर यादव मेडिसिन, डा. सिद्धार्थ यादव हड्डी रोग, डा. अभिनव राव सर्जरी, डा. विदुला यादव नेत्ररोग, डा. सुमन यादव स्त्रीरोग व डा. कोमल यादव दंत रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे।

### सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या 17 को

**रेवाड़ी।** सोलहराही सेक्टर-1 स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में 17 जून शाम को 5 बजे से सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मंदिर परिसर में 7 बजे से भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर के पुजारी बिजेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के मुख्य यजमान विजय शर्मा व मंजू शर्मा होंगे।

### मतदान केंद्र बनवाने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में कोई नया मतदान केंद्र बनाने व मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन से संबंधित किसी व्यक्ति का कोई सुझाव या प्रस्ताव है तो वह 10 जून तक लघु सचिवालय के कमरा नंबर 216 में स्थित निर्वाचन कार्यालय दे सकता है।

---

### महिलाओं ने व्रत रखकर मंदिरों में जल से भरे मटके, हाथ के पंखे व फल चढ़ाएं

# निर्जला एकादशी पर पूरे दिन चला धर्म-कर्म, जगह-जगह लगी छबील

- समाजसेवियों ने भंडारा लगाकर हलवा व पूरी का प्रसाद वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर शहर में पूरे दिन धर्म-कर्म चलता रहा। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की, अपनी सामर्थ्यनुसार जरूरतमंदों व बेसहारा लोगों को खाद्य सामग्री का दान भी दिया। निर्जला एकादशी पर धर्मप्रेमियों व संगठनों ने शहर में जगह-जगह छबील लगाकर राहगीरों को दूध, शर्बत व मीठा पानी पिलाकर पुण्य कमाया। एकादशी पर मंदिरों में पूजा पाठ व हवन भी किया गया। समाजसेवियों ने भंडारा लगाकर हलवा व पूरी का प्रसाद भी वितरित किया। महिलाओं ने मंदिरों में जल से भरे मटके, हाथ के पंखे व फल चढ़ाएं।

### सोलहराही मंदिर पर लगाई छबील

शहर के सोलहराही स्थित मंदिर पर निर्जला एकादशी पर छबील लगाई गई। मंदिर में आने वाले श्रृद्धालुओं ने राहगीरों को शरबत पिलाया। पुण्य के कार्य में आसपास के लोगों ने पूरा सहयोग दिया। छबील पर सुबह से दोपहर तक काफी भीड़ लगी रही। प्रधान बिल्लू पोसवाल, लक्ष्मण रावत, चरण सिंह, बिजेन्द्र भारद्वाज, राजू चौकीदार, बनवारी, नरेश यादव व उमेश गुप्ता ने छबील पर सहयोग दिया। नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर के बाहर निर्जला एकादशी पर श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों की ओर से छबील लगाई गई। ग्रुप के सदस्यों ने लोगों को मीठा पानी पिलाकर धर्म-कर्म किया। निर्जला एकादशी पर शहर में जगह-जगह छबील लगाकर लोगों को मीठा पानी पिलाया गया। हलवा-छोले का प्रसाद भी बांटा गया। समाजसेवी संगठनों ने राहगीरों को हलवा-छोले का प्रसाद बांटने के साथ मीठा पानी भी पिलाया।






रेवाड़ी। सोलहराही मंदिर में लगी छबील में मीठा पानी पीते लोग व सचिवालय रोड पर लगी छबील में पानी पीते राहगीर। फोटो : हरिभूमि





रेवाड़ी। सेक्टर-3 कृष्ण मंदिर में लगी छबील से दूध-शरबत पीते लोग व मंदिर के पास दूध-शरबत बनाते युवा मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### दूध और शरबत की छबील लगाई

निर्जला एकादशी पर शहर में जगह-जगह छबील लगाकर लोगों को मीठा पानी पिलाया गया। सेक्टर-3 स्थित श्री कृष्णा मंदिर के पास युवा मंडल की ओर से दूध और शरबत की छबील लगाई गई। युवा मंडल की ओर से 1100 लीटर दूध का वितरण किया गया। युवा मंडल के कार्यकर्ता अनिल सोनी, निर्मल आर्य, निक्कू रुस्तगी, प्रवेश, प्रवीण यादव, भारत, मनोज एडवोकेट, यांशु यादव, नितेश बंसल, युग व कुणाल सहित महिला मंडल सेक्टर-3 ने धर्म-कर्म के कार्य में सहयोग दिया।

#### भाड़ावास गेट के पास लगी छबील

भाड़ावास गेट के पास अभिराज सांस्कृतिक संस्था की ओर से निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाया गया। इस मौके पर रिटायर्ड डीईओ धर्मबीर बल्डोदिया ने कहा कि यह एक पुण्य का कार्य है, जिसे सभी लोगों को करना चाहिए। संस्था के निदेशक अभिषेक सैनी ने कहा कि निर्जला एकादशी हमें त्याग, भक्ति और मानवता की सेवा के मूल्य सिखाती है। इस अवसर पर समाजसेवी ईश्वरी प्रसाद, राजेश भगत, शालू सैनी, दिव्या, प्रिया, प्रशांत, खुशी, परी, पीहू, दुर्विक व धृतिमान मौजूद थे।

---



रेवाड़ी। वेबसाइट पर कोर्स की जानकारी लेते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## आईजीयू में बीबीए-5 वर्षीय इंटीग्रेटेड एमबीए के किए 9 तक करें आवेदन

- किसी भी विषय से 12वीं पास कर सकते है आवेदन, एक विषय में री-अपियर वाले छात्रों का भी हो सकता है एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के प्रबंधन विभाग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीबीए-5 वर्षीय इंटीग्रेटेड एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। विभागाध्यक्ष डा. समृद्धि ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तैयार किया गया है और विद्यार्थियों को एकीकृत रूप में स्नातक (बीबीए) और स्नातकोत्तर (एमबीए) शिक्षा प्रदान करता है। इसमें प्रवेश के लिए आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस से किसी भी विषय के 12वीं पास छात्र आवेदन कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों की किसी एक विषय में री-अपीयर है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 9 जून तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट आईजीयू.एसी.इन पर एमबीएम 5 ईयर नाम से प्रोग्राम का चयन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदन की हार्ड कॉपी सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित 16 जून तक विश्वविद्यालय के राव तुलाराम भवन स्थित प्रबंधन विभाग में जमा करानी अनिवार्य है। डा. समृद्धि ने बताया कि इस बार प्रवेश प्रक्रिया में ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू को भी शामिल किया गया है।

#### कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

एनईपी-2020 के अनुसार कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री एंड एग्जिट का अवसर मिलेगा, जिसके तहत विद्यार्थी 3 वर्ष पूर्ण करने पर केवल बीबीए की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं या आगे बढ़कर 4 साल में बीबीए ऑनर्स, बीबीए ऑनर्स विद् रिसर्च/पीजीडीबीएम की डिग्री के सकते है और पूरे 5 साल बाद एमबीए की डिग्री ले सकते हैं।

#### आवेदन करते समय श्रेणी का चयन अनिवार्य

एडमिशन कॉर्डिनेटर सुशांत यादव ने बताया की अक्सर विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय गलत कैटेगरी भर देते है और उसके कारण एडमिशन में परेशानी होती हैं। उन्होंने बताया की ऑनलाइन आवेदन करते समय उपयुक्त श्रेणी का चयन अनिवार्य है।

---

## पॉलीथिन हमारे स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए ही हानिकारक: डीएमसी

- नगर परिषद की ओर से मोती चौक पर चलाया गया पॉलीथिन मुक्त जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को डीएमसी राहुल मोदी के नेतृत्व में नगर परिषद की ओर से पॉलीथिन मुक्त शहर अभियान के तहत मोती चौक पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर डीएमसी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एक गंभीर चिंतन का विषय बनता जा रहा है। अगर समय रहते हम जागरूक नहीं हुए तो पर्यावरण प्रदूषण के भयंकर दुष्परिणाम देखने को मिल सकते है। पॉलीथिन हमारे स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए ही हानिकारक है। शहरवासियों से पॉलीथिन को त्याग कर थैले का प्रयोग करने की अपील की और। डीएमसी ने कहा कि दुकानदार भी कपड़े के थैले प्रयोग करे और ग्राहकों को भी इसके लिए प्रेरित करें, अन्यथा नगर परिषद की ओर से चालान करके कार्रवाई की जाएगी। अभियान में मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार, एक कदम मानवता की ओर संस्था प्रधान राकेश , अनुज, डा.सुशांत , मुकेश, चंदन सोनी आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। दुकानदार को कपड़े के थैले यूज करने के लिए जागरूक करती टीम।

### बीस लाख की साइबर ठगी में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने अप्रैल माह में हुई मैलावास के व्यक्ति के साथ 20 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खाते में ठगी की रकम का कुछ हिस्सा ट्रांसफर हुआ था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

बीते 23 अप्रैल को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में मैलावास निवासी वीरपाल ने बताया था कि उसके मोबाइल फोन पर 14 अप्रैल को एक लिंक आया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद उसे टेलीग्राम के अन्य लिंक से जोड़ दिया गया। दूसरे लिंक से जुड़ने के बाद उससे रेंट हाउस नाम पेज पर एक फार्म फिल कराया गया।

## नियमित योग जरूरी: हेमेंद्र कुमार

- एसपी ने पुलिस लाइन में किया योग प्रोटोकॉल शिविर का शुभारंभ, योग शिक्षकों ने पुलिसकर्मियों को सिखाए योग क्रियाओं के आसन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि पुलिस का कार्य सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण है। उन्हें चौबीस घंटे की नौकरी करनी पड़ती है। जीवन में बढ़ती व्यवस्तता और तनाव के चलते उनका नियमित रूप से योग करना बेहद जरूरी है। एसपी शुक्रवार को 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के लिए आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करने के बाद पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को संबोधित कर रहे थे। योग मन, मस्तिष्क और शरीर में संतुलन व समन्व्य बनाने का कार्य करता है। भारतीय संस्कृति में योग हमें विरासत में मिला है, जिसका लोहा पूरी दुनिया मान चुकी है। भारतीय विरासत का अनुशरण करते हुए पूरे विश्व में वर्ष 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा है। उयोग के असंख्य फायदे हैं, जिन्हें गिनवाया नहीं जा सकता। नियमित रूप ये योग क्रियाएं करने वाले लोग पूरी तरह स्वस्थ रहते हैं। तनाव उनके जीवन के आसपास भी नहीं फटकता। पुलिसकर्मियों की जिंदगी ज्यादा व्यस्त होने के कारण उन्हें खुद भी नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए और परिजनों व आसपास के लोगों को भी योग करने के लिए जागरूक करना चाहिए।



रेवाड़ी। पुलिस लाइन में योगाभ्यास करते एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी।

---

### गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं ने किया योगासनों का अभ्यास



**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को उच्चतर शिक्षा विभाग के आदेशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस व विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्य सत्येंद्र यादव ने की। कॉलेज के योग क्लब की इंचार्ज डा. अनीता रानी तथा एनएसएस दोनों इकाइयों की कार्यक्रम अधिकारी डा. रेनू व मोनिका ने कार्यक्रम का संचालन किया। योग प्रशिक्षक सुमित्रा देवी ने स्वयं सेविकाओं को योग अभ्यास करवाया तथा योगासन को अपने जीवन की दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं ने अनुलोम-विलोम व कपालभाति जैसे प्राणायाम तथा सूर्य नमस्कार, ताड़ासन व गोमुखासन सहित अनेक योगासनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों तथा स्वयं सेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण भी किया।

## पौधे लगाने व देखभाल का आह्वान किया

- दैनिक क्रिया में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को बंद करने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन थीम पर पर्यावरण प्रकोष्ठ एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विवि के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी, डा. सीमा मिगलानी एवं कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने पौधरोपण करके पर्यावरण को शुद्ध रखने का संदेश दिया। सभी कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भी पौधरोपण किया। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को अधिक-से-अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी से दैनिक क्रिया में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को बंद करने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा से डा. राजश्री, आरपीएस डिग्री कॉलेज महेंद्रगढ़ से डा. जितेंद्र कुमार, जिला संयोजक सुनील, नगर संयोजक रविन्द्र यादव व दिनेश सहित विभागों के अध्यक्ष, अधिष्ठाता, सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। आईजीयू में पौधरोपण करते कुलपति व स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

## जन स्वास्थ्य विभाग ने पानी की बर्बादी रोकने को चलाया अभियान

**रेवाड़ी।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से पानी की बर्बादी को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की ओर से शुक्रवार को गांव गोलयाकी में पानी की बबार्दी रोकने व अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए अवैध कनेक्शन काटने का अभियान चलाया गया। विभाग ने कर्मचारियों की टीम बनाकर अवैध कनेक्शनों को चिन्हित किया और लोगों को नल कनेक्शन पर टोंटी लगवाने के निर्देश दिए। टीम ने कहा के टोंटी नहीं लगाने पर कार्रवाई की जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए लोग पानी का दुरुपयोग बिल्कुल न करें, कनेक्शन को वैध कराएं तथा खुले चल रहे नलों पर टोंटियां लगवाएं ताकि सभी घरों तक साफ और स्वच्छ पानी की आपूर्ति हो सकें। कार्यक्रम में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन से बीआरसी संदीप कुमार, सरपंच प्रतिनिधि मनीष व डब्ल्यूपीओ सुनील सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। लोगों को जागरूक करते हुए विभाग की टीम। फोटो :हरिभूमि

---

## जेपीएस की छात्रा कोमल की कहानी 'हमारा अपना परिवार' रही अव्वल

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की ओर से आयोजित कहानी प्रतियोगिता के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए। प्रतियोगिता में लड़कियों का दबदबा रहा। परिषद् को प्राप्त हुई कहानियों में छठी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी वर्ग में जैन पब्लिक स्कूल की छात्रा कोमल की कहानी 'हमारा अपना परिवार' को प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया। प्रतियोगिता की संयोजिका एवं परिषद् अध्यक्षा श्रुति शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में स्कूल व कॉलेजों के विद्यार्थियों के साथ-साथ साहित्यकारों एवं सामान्य जनमानस से भी कहानियां आमंत्रित की गई थीं। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक के रूप में परिषद् के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रो.रमेश चंद्र शर्मा ने कहानी के मर्म को समझकर परिणाम घोषित किए। विद्यार्थियों के वर्ग में जैन पब्लिक स्कूल की छात्रा कोमल कहानी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विश्वकर्मा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा चंचल की 'भूलो मत मां को' कहानी को दूसरा तथा जैन पब्लिक स्कूल की छात्रा खुशी एवं सैनी पब्लिक स्कूल के छात्र हार्दिक की कहानी को संयुक्त रूप से तृतीय तथा विश्वकर्मा स्कूल के छात्र प्रियांशु की कहानी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।साहित्यकार वर्ग में गोपाल शर्मा की कहानी 'पोस्टमास्टर साहब का बंगला' को विजेता घोषित किया गया।

### जीवन का कोई भी यज्ञ बिना शिव के पूर्ण नहीं हो सकता: रमणराम

**कोसली।** सुधराना गांव में बाबा भैया के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित शिव महापुराण कथा के अंतर्गत कथा वाचक स्वामी रमणराम महाराज ने माता पार्वती के जन्म की कथा का वर्णन किया। स्वामी रमणराम महाराज ने दक्ष कन्या के रूप मे सती जी का प्रादुर्भाव, शिव और सती का विवाह, सती का शिव के प्रति मोह, दक्ष प्रजापति का शिव से द्वेष, दक्ष के यज्ञ का विध्वंस का वर्णन करते हुए कहा कि यज्ञ के पीछे भाव शुद्ध नहीं होते वो यज्ञ पूर्ण नहीं होता। जैसे दक्ष प्रजापति का यज्ञ शंकर भगवान की उपस्थिति के बिना विनाशकारी साबित हुआ। कथा वाचक ने कहा कि जीवन का कोई भी यज्ञ बिना शिव के पूर्ण नहीं हो सकता।

---

**मौसम** एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने की संभावना

# आसमान साफ होते ही चढ़ा पारा अब रंग में आएगी गर्मी

जल्द 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लगभग एक सप्ताह से आसमान में बादल छाने व बार-बार बूंदाबांदी होने से नौतपा के दिनों में भी मौसम ठंडा बना रहा। बुधवार की रात जिले के कुछ इलाकों में बारिश हुई। इससे मौसम का मिजाज ठंडा बना रहा। अब आसमान साफ हो गया है, तो तापमान में भी उछाल आना शुरू हो गया है। अब लगभग एक सप्ताह तक आसमान साफ रह सकता है, जिससे जल्द तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। इससे लोगों को आने वाले दिनों में भारी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। बुधवार की रात जिले के मनेठी खंड में सर्वाधिक 14.6 एमएम बरसात हुई। इसके अलावा अन्य खंडों में कई जगहों पर बूंदाबांदी हुई। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान साढ़े 3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 37.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 19 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में लगभग एक सप्ताह तक मौसम साफ बना रह सकता है।

तापमान में 9 जून से ही वृद्धि शुरू हो सकती है। इसके बाद कई दिनों तक लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।



रेवाड़ी। शुक्रवार को उमस भरी गर्मी में खाली पड़ा सरकुलर रोड। फोटो :हरिभूमि

#### किसानों ने शुरू की बाजरे की बिजाई

बारिश होने के बाद किसानों ने बाजरे की फसल बिजाई का कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। कपास की फसल पर हरियाली छाई हुई है। कृषि विभाग के अनुसार बाजरे के बिजाई के लिए यह सही समय है। जिन इलाकों में अच्छी बरसात हो चुकी है, उन इलाकों में किसान बाजरे की बिजाई कर सकते हैं। दूसरी ओर मौसम सुहाना होने के कारण बिजली की खपत 30 लाख यूनिट तक कम हो गई है, जिससे लोगों को पावर कटों से राहत मिल गई है।